तेरे नाम के पागल है,
हमें दुनिया की परवाह नहीं,
तुमको पाके इस जीवन की,
अब तो कोई चाह नहीं,
तेरे नाम के पागल हैं,
हमें दुनिया की परवाह नहीं।।

श्याम का प्रेमी होना प्यारे,
छोटी बात नहीं है,
श्याम प्रेम से बढ़के दूजी,
कोई सौगात नहीं है,
श्याम प्रेम से बढ़के जग में,
कोई सौगात नहीं है,
तुमको पाके इस जीवन की,
अब तो कोई चाह नहीं,
तेरा साथ मिला हमको किसी,
और के साथ की चाह नहीं,
तुमको पाके इस जीवन की,
अब तो कोई चाह नहीं,
तेरे नाम के पागल हैं,
हमें दुनिया की परवाह नहीं।।

हर दिन हर पल तेरे प्रेम की,
मस्ती चढ़ती जाए,
तेरे कीर्तन भजन बिना हमें,

और ना कुछ भी भाये,
तुमको पाके इस जीवन की,
अब तो कोई चाह नहीं,
तेरा रंग चढ़ा हम पे,
किसी और रंग की चाह नहीं,
तुमको पाके इस जीवन की,
अब तो कोई चाह नहीं,
तेरे नाम के पागल हैं,
हमें दुनिया की परवाह नहीं।।

श्याम से रिश्ता जोड़ के मोहित,
मालामाल हुए हैं,
श्याम के थोड़ा करीब आके,
हम निहाल हुए है,
तुमको पाके इस जीवन की,
अब तो कोई चाह नहीं,
हमें इतना मिला सम्मान किसी,
और मान की चाह नहीं,
तुमको पाके इस जीवन की,
अब तो कोई चाह नहीं,
तेरे नाम के पागल हैं,
हमें दुनिया की परवाह नहीं।।

तेरे नाम के पागल है,
हमें दुनिया की परवाह नहीं,
तुमको पाके इस जीवन की,
अब तो कोई चाह नहीं,
तेरे नाम के पागल हैं,

हमें दुनिया की परवाह नहीं ।।

Singer Anjali Dwivedi

Source:
https://www.bharattemples.com/tere-naam-ke-pagal-hai-hame-duniya-ki-parwah-nahi-in-hindi/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw